# शहर की सड़कों पर स्टंट करना पड़ा महंगा, पुलिस ने बनाए चालान

## फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्र-छात्राओं ने दिखाए थे स्टंट, सोशल मीडिया पर वीडियो हुए थे वायरल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्कूल की फेयरवेल पार्टी के दौरान सड़कों पर स्टंट करने वालों पर पुलिस की सख्त कार्यवाही की गई। जिसके चलते पुलिस ने उन वाहनों को पर चलानी कार्रवाई की है, जिन पर सवार होकर स्टूडेंटों ने स्टंट दिखाए थे।



दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा फेयरवेल पार्टी के दौरान सड़कों पर ट्रैक्टर, थार, स्कॉर्पियो, वेन्यू, ओपन जीप सहित अन्य वाहनों से स्टंट व हुड़दंग करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की गई। बता दे कि विगत दिवस शहर के अंतर्गत फेयरवेल पार्टी में सम्मिलित होने वाले छात्रों द्वारा सड़कों पर स्टंट करने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ थे, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर पहचान करते हुए दो ट्रैक्टर, एक थार, एक स्कॉर्पियो, एक वेन्यू, एक ओपन जीप सहित कुल 7 वाहनों को जब्त किया गया तथा सभी जब्त वाहनों पर 5000-5000 का चालान किया गया। साथ ही संबंधित छात्रों के अभिभावकों एवं स्कूल स्टाफ को थाने बुलाकर भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से बचने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन, स्टंट, पटाखा बुलेट एवं खतरनाक तरह से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### कच्ची शराब पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में बुधवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए इस कारोबार में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रोंसे मिली जानकारी के अनुसार कचनार पुलिस ने गोलू पुत्र बल्ला पारदी से 20 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की। तो वहीं प्रदीप पुत्र केवल से ग्राम पिपरिया राय में 5 लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# गीताजी के प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्टर ने की प्रशंसा

**गांव-गांव में समिति करती है गीता स्वाध्याय**

**समिति के सदस्यों ने कलेक्टर से की मुलाकात**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गीता स्वाध्याय समिति के सदस्यों द्वारा गुरूवार को नवागत कलेक्टर सांकेत मालवीय से मुलाकात करते हुए उन्हें गीता जी भेंट की गई। इस दौरान जहां समिति के सदस्यों ने गीता जी के प्रचार-प्रसार के बारे में कलेक्टर को बताया। तो वहीं कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा उनके इस कार्य की प्रशंसा की गई। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरभान सिंह, जिलाध्यक्ष जयमंडल सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवराज सिंह, प्रदेश सचिव शौभाग्य सिंह, प्रदेश सूचना मंत्री कृष्णपाल सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## एक नजर में



### कलेक्टर ने किया शहरी क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र की आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 04 की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 13 एवं वार्ड क्रमांक 01 की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 74 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति अधिकतम रहे। उन्होंने निर्देश दिए की आंगनवाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों को सामान्य ज्ञान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं विभिन्न संवैधानिक पदों पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम की जानकारी दी जाए। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिड़े साथ रही।



### झीला में कैरियर काउंसलिंग आयोजित

**शाढ़ौरा।** विकास खंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झीला में गुरुवार को कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के 77 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कैरियर काउंसलर ऋतिक पहाड़िया एवं शिवानी रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों का मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं प्रभारी प्राचार्य लल्लू सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग / राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सूक्ष्मी, लघु एवं मध्यम उद्योग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्म निर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 30 जनवरी को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है।

# जौहर दिवस के अवसर पर भाजपा ने किया जल तर्पण

## भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- आत्म सम्मान, गौरव और सतीत्व की रक्षा के लिए माता मणिमाला ने किया जौहर



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। आत्म सम्मान, गौरव और सतीत्व की रक्षा के लिए माता मणि माला ने 1600 क्षत्राणियों के साथ विशाल अग्निकुंड में कूंद कर जौहर किया था।**

यह बाते भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने गुरुवार को चंदेरी में जौहर दिवस के अवसर पर माता मणि माला सहित सती वीरांगनाओं को जल तर्पण करने के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सन 1528 ई को जब मुगल आक्रांता बाबर ने चंदेरी किले पर चढ़ाई की, तो मुगल सेना के आगे चंदेरी के राजा मेदनी राय कमजोर पड़ गए, और बाबर की विशाल सेना का वीरता पूर्वक मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए, इस स्थिति में महारानी मणि माला ने अपने सतीत्व की रक्षा के लिए 1600 क्षत्राणियों के साथ आज ही के दिन 29 जनवरी 1528 को चंदेरी स्थित अपने किले में ही विशाल अग्निकुंड तैयार कर उसमें छलांग लगाकर प्राण त्याग दिए। और जौहर कर अपने मान सम्मान गौरव की रक्षा की। उन्होंने कहा कि महारानी माता मणि माला एवं क्षत्राणी वीरांगनाएं सदैव नारी जगत के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी। आज उनके जोहर दिवस पर उन्हें शत-शत नमन। इस दौरान उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जोहर स्मारक पर पुष्प अर्पित किए एवं साथियों के साथ जल तर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### क्षत्रिय खंगार समाज ने चल समारोह, कार्यक्रम में दी पुष्पांजलि

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जौहर दिवस के अवसर पर क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा गुरूवार को ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में किला कोठी के पास एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित जनसमूह ने रानी मणिमाला को पुष्प अर्पण करते हुए उनके द्वारा किये गए जौहर को याद किया गया। बता दे की वीरांगना रानी मणिमाला ने 29 जनवरी को सामूहिक अग्नि कुंड में कई वीरांगनाओं के अपने प्राणो की आहूति दी थी। इसी को याद करने के लिए क्षत्रिय खगर समाज प्रति वर्ष कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी क्रम गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पुरानी कचहरी स्थित परिहार समाज के मंदिर के यहां से एक चल समारोह निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए किला कोठी स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां पर कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने रानी मणिमाला को पुष्प चढ़ा कर नमन किया। उल्लेखनीय है कि चंदेरी के महाराज मेदिनीराय का वास्तविक नाम रायचंद था। चित्तौड़ के राणा संग्रामसिंह द्वारा उन्हें मेदिनीराय की उपाधि से सम्मानित किया गया था। मेदिनीराय दो शब्दों से मिलकर बना है। मेदिनी तथा राय। यहां मेदिनी का अर्थ - पृथ्वी धरती या भूमि से है तथा राय का अर्थ - राजा होता है, अर्थात मेदिनीराय का अर्थ पृथ्वी का राजा है।



### जिला जेल में विधिक जागरुकता शिविर

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सचिव/न्यायाधीश मनीष अनुरागी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में गुरूवार को जिला जेल का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया।

# अपर कलेक्टर ने लिया शिशु गृह का जायजा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर ओम मार्गदर्शी समिति द्वारा संचालित शिशु गृह का अपर कलेक्टर डीएन सिंह सहित समिति सदस्यों द्वारा गुरूवार को निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान शिशु गृह में मौजूद बालिका की कुशलक्षेम समिति सदस्यों द्वारा पूछी गई। शिशु गृह प्रबंधन द्वारा मौजूद शिशु का बेहतर ढंग से ध्यान रखा जा रहा है। समिति अध्यक्ष एवं अपर कलेक्टर देवकीनंदन सिंह द्वारा शिशु गृह से दत्तक पर जाने वाले बच्चों की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से जाना तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने तथा गृह में स्वच्छता का वातावरण बनाये रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान समिति सदस्य् चंद्रसेना भिडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नम्रता नायक सदस्य बाल कल्याण समिति, भूपेंद्र सिंह रघुवंशी सदस्य बाल कल्याण समिति मौजूद रहे।

# वार्ड 20 में 10 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद शालिनी योगेश खैरा एवं परिषद के पार्षदों के साथ वार्ड क्रमांक 20 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान अम्बेडकर भवन के पास साहू धर्मशाला वाली गली में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त निर्माण कार्य लगभग 10 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा।



इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद डॉ. जय मंडल यादव, पार्षद विपिन शिवहरे, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), योगेश खेरा, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, मनोहर चौधरी, श्याम चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानोरिया ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है।

**कार्यक्रम** | **सिंगल क्लिक के माध्यम से सीएम ने पहुंचाई राशि**

# जिले के 1336 किसानों को हुआ भावांतर का भुगतान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मल्हारगढ़ जिला मंदसौर से भावांतर भुगतान योजनान्तर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से कृषकों को भावांतर योजना के चतुर्थ चरण की राशि का वितरण किया गया। योजनान्तर्गत जिले के 1336 कृषकों को 26722474 राशि रूपये का सिंगल क्लिक के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में भुगतान किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन मण्डी परिसर अशोकनगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजयप्रताप सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक एवं संजीव भारिल्ल, जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, रामकृष्ण रघुवंशी भारतीय किसान संघ, राजकुमार रघुवंशी, खुमान सिंह रघुवंशी भारतीय किसान संघ, अभिषेक रघुवंशी, सुमत जैन व्यापारी संघ प्रतिनिधि, अमित सिंह भदौरिया उपसंचालक कृषि, डॉ. हेमन्त कुमार त्रिवेदी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ. केके यादव वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, भागीरथ अहिरवार मण्डी सचिव, कृपाराम यादव अध्यक्ष हम्माल संघ प्रतिनिधि, राकेश बरहा तुलावट संघ प्रतिनिधि, दीवान सिंह जाटव जिला सलाहकार कृषि, डॉ. बैजनाथ सिंह यादव सहित मंडी स्टॉफ एवं किसान मौजूद रहे।



### राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीयः डॉ. मोहन यादव

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा भोपाल स्थित सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में प्रदेश स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंनें कहा कि राष्ट्रनिर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय रहा है। हर युग मे समाज की सभी प्रकर की समस्याओं का समाधान शिक्षक ने ही किया है। त्रेता में विश्वामित्र ने राम के माध्यम से तो द्वापर में सांदीपनि ने कृष्ण के माध्यम से समाज मे व्याप्त बुराइयों को दूर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक उस दीपक के समान है जो स्वयं जलकर समाज को प्रकाशित करता है। मुख्यमंत्री ने शिक्षक संघ के द्वारा किए जा रहे नवाचारों और शिक्षा गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। इस सम्मेलन में जिले से 40 सदस्यों का दल प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुआ।

# शहर के विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं को दी महिला संबंधी अपराधों की जानकारी

**शहर के राव माधव स्कूल में हुआ आयोजन**

**पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर किए जा रहे आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत अभियान (अभिमन्यु- सृजन- सम्मान) के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में गुरूवार को को जिले के विभिन्न थानो के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये गये। जिसमें महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही एकीकृत अभियान (अभिमन्यु, सृजन, सम्मान) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, समाज में जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन एहसास, ऑपरेशन स्वयंसिद्धा एवं असली हीरो अभियान की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। गुरूवार को महिला थाना अशोकनगर द्वारा तारा सदन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें निरीक्षक ऋतु चौहान, सहायक उप निरीक्षक श्यामलाल, प्रधान आरक्षक पंकज शर्मा, महिला आरक्षक शिवानी दुबे ने बच्चों को जानकारी दी। तो वहीं कोतवाली थाने द्वारा राव माधव स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उप निरीक्षक पूजा रघुवंशी, आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज ने उपस्थित छात्र-छात्राए महिला अपराधों के बारे में बताया। साथ ही सेहराई थाने द्वारा पीएमश्री शा.मा. व प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उप निरीक्षक धर्मेन्द्र दांगी, आरक्षक विपिन, प्रीतम सहित छात्र-छात्राए मौजूद रहे।



### पूर्व विधायक चौहान को मातृशोक

**चंदेरी।** जिले के कांग्रेस के नेता एवं पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, नरेद्र सिंह चौहान एवं भानु प्रताप सिंह चौहान की पूज्य माताजी श्रीमती जय कुमारी चौहान का 94 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद शहर में गमगीन महौल हो गया। तो वहीं श्रीमति चौहान की अंतिम यात्रा आज अपने पैतृक गांव नानकपुर में किया जावेगा। बतादे कि श्रीमति जय कुमारी चौहान धार्मिक एवं सामाजिक महिला थी, जो लगातार अपने कार्यो के लिए जानी जाती है। वहअपने पीछे तीन पुत्र सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।